तापमान
अधिकतम 22.1 डिग्री
न्यूनतम 4.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

## ठंड का टॉर्चर और दमघोंटू प्रदूषण : सोनीपत देश में दूसरा सबसे प्रदूषित शहर

**सोनीपत।** जिले में एक तरफ जहां कड़ाके की ठंड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है, वहीं दूसरी ओर दमघोंटू प्रदूषण ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। प्रदूषण के मामले में सोनीपत शहर नोएडा के साथ पूरे देश में दूसरे सबसे प्रदूषित शहर के रूप में दर्ज किया गया। गुरुवार को जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया। वहीं, ठंड की बात करें तो गुरुवार को जिले का न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह बुधवार के न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 1.8 डिग्री सेल्सियस कम है।


## आरपीएस नारनौल के छात्र आदिश जैन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर पूरे देश का नाम किया रोशन

### -आईजेएसओ में 24 देशों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा। आदिश जैन ने जीता गोल्ड मेडल

### -आरपीएस कक्षा 9वीं एवं 10वीं में इंटरनेशनल ओलंपियाड की करवा रहा तैयारी


आदिश जैन

**नारनौल** | आरपीएस नारनौल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साईंस ओलंपियाड का पहला स्टेज एनएसईजेएस, दूसरा स्टेज आईएनजेएसओ, तीसरा स्टेज ओसीएससी, चौथा स्टेज पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ 6 विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। उसके बाद पांचवे व अंतिम चरण में आईजेएसओ-इंटरनेशनल जूनियर साईंस ओलंपियाड में भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

अदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर ग्रुप सीईईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। आर पी एस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। यहाँ बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार शोधात्मक शिक्षा देकर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाता है। विद्यालय के छात्र आदिश जैन ने विज्ञान विषय में पूरे विश्व में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय, जिला, प्रदेश ही नहीं, देश का नाम विश्व में ऊंचा किया है। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि छात्र आदिश जैन की यह उपलब्धि देश के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्होने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन एवं माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी एवं सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए शिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतरराष्ट्रीय मंच है, जहाँ छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं।

**पांच स्टेज में होती है प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता की पहली स्टेज एनएसईजेएस (जूनियर साइंस में राष्ट्रीय मानक परीक्षा) होती है जिसमें पूरे भारत से 300 बच्चों का चयन होता है। दूसरे स्टेज में इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड के तहत पूरे देश में से सर्वश्रेष्ठ 35 विद्यार्थियों का चयन होता है। तीसरे स्टेज में ओसीएससी (जूनियर साइंस में ओरिएंटेशन सह चयन शिविर) होता है जिसमें चौथे स्टेज के लिए 6 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया जाता है। चौथे चरण में आईजेएसओ के लिए प्रस्थान-पूर्व प्रशिक्षण शिविर होता है और पांचवें तथा अंतिम चरण में आईजेएसओ (अंतर्राष्ट्रीय जूनियर साइंस ओलंपियाड) में भागीदारी होती है। गोल्ड मेडल विजेता छात्र आदिश जैन को आरपीएस परिवार के सभी सदस्यों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12-15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। इस प्रतियोगिता में आर. पी. एस. नारनौल के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने बताया कि इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड परीक्षा मुख्य रूप से दुनिया भर के सभी देशों के छात्रों के लिए खुली है। माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी इसमें भाग लेते हैं। यह पहली बार 1987 में आयोजित किया गया था।




ADVT.


## खबर संक्षेप

### आर्य युवा समाज का 100 कुंडीय यज्ञ 7 को

**सोनीपत।** डीएवी मल्टीपरपज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं रीजनल ऑफिसर वीके मित्तल ने बताया कि आर्य युवा समाज द्वारा नशा मुक्ति एवं जन जागरुकता के संकल्प को समर्पित 100 कुंडीय महायज्ञ का भव्य आयोजन 7 दिसंबर को महार्षि दयानंद स्मारक पार्क, सेक्टर-14, सोनीपत में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने, सकारात्मक जीवन शैली अपनाने तथा समाज में स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के लिए प्रेरित करना होगा।

### पीरगढ़ी में युवक से मारपीट, केस दर्ज

**गन्नौर।** पीरगढ़ी में कुछ युवकों ने एक व्यक्ति का रास्ता रोक कर उसके साथ मारपीट कर दी। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव बेगा निवासी पवन कुमार ने बताया कि 2 नवंबर की शाम पीरगढ़ी गांव में कुछ युवकों ने उसका रास्ता रोककर बुरी तरह पिटाई की। पीड़ित के अनुसार वह एक मजदूर को उसके घर छोड़कर लौट रहा था, तभी पीरगढ़ी निवासी रिंकु, बिनेश, जोनी और सोनू ने उस पर हमला कर दिया।

### मादक पदार्थ तस्करी में दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुण्डली पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के एक पूर्व दर्ज मामले में संलिप्त दूसरे आरोपित सोमबीर निवासी विशाल नगर, सोनीपत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले पुलिस टीम मुख्य आरोपित राहुल निवासी वेस्ट राम नगर को गिरफ्तार कर चुकी है। उससे 10.89 ग्राम हेरोइन मिली थी।

### स्कॉर्पियो से बाइक को मारी टक्कर, फिर पीटा

**गन्नौर।** बादशाही रोड पर बुधवार शाम एक युवक पर स्कॉर्पियो सवार युवकों द्वारा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में समालखा के गांव पट्टी कल्याणा निवासी संदीप ने बताया कि वह अपनी बाइक को देवीलाल चौक से ठीक कराकर घर लौट रहा था। जब वह जीटी रोड गन्नौर के पास पहुंचा तो स्कॉर्पियो ने बाइक में टक्कर मार दी। गाड़ी में सवार गुलशन उर्फ डोला निवासी चुलकाना, लोकी निवासी समालखा और उनके साथी हाथों में लाठी-डंडे लेकर उतरे और उसके साथ मारपीट की।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मुरथल की पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा कर दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्रम निवासी टिकौला जिला सोनीपत का रहने वाला है। 10 नवम्बर को उसके खिलाफ शिकायत आई थी। उसे जेल भेज दिया गया है।

### चार बच्चों की हत्या का केस : 6 वर्षीय विधि की आत्मा की शांति के लिए करवाया हवन

# नफरत पर भारी ममता : साइको किलर के बच्चे को दूध पिला रही विधि की मां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

*साइको किलर पूनम ने विधि समेत तीन बच्चियों की हत्या की थी, सबूत मिटाने को अपने बेटे को भी मार डाला था*

पानीपत के गांव नौल्था में एक शादी समारोह के दौरान साइको किलर पूनम द्वारा अपने ही परिवार की छह वर्षीय विधि की निर्मम हत्या ने पूरे मानवता को झकझोर कर रख दिया है। पूनम जहां सुंदर बच्चों से नफरत करती थी और उसने अपने बेटे सहित चार बच्चों को डुबोकर मार दिया था। वहीं, उसकी नफरत पर मृतका विधि की मां राखी की ममता बहुत भारी पड़ रही है। विधि की मां अपनी बेटी के गम को किनारे कर साइको किलर पूनम के बच्चे को खुद दूध पिला रही है। वही दो वर्षीय शुभम की देखभाल भी कर रही है। वीरवार को रिश्तेदारों, परिजनों व आसपास के लोगों के जमावड़े के बीच पूनम का करीब दो साल का बेटा शुभम घर के आंगन में परिवार के अन्य बच्चों के साथ खेलता दौड़ता रहा। विधि की दादी ओमपति व शुभम की दादी दोनों बहन ही हैं। विधि के दादा पाल सिंह ने भी साफ कहा कि यह उनका पोता है। उसका लालन-पालन भी उनका फर्ज है।


**सोनीपत।** वेस्ट राम नगर में मृतका विधि के घर के बाहर सांत्वना देने आए लोग।

### आरोपी पूनम के मायके से नहीं आया कोई

वीरवार को सोनीपत के वेस्ट रामनगर स्थित विधि के घर पर हवन किया गया। मातम के माहौल में हुए हवन में परिवार के सदस्यों की आंखें नम थीं। इस दर्द के माहौल में हत्यारोपी पूनम के मायके पानीपत के गांव सिवाह से एक भी व्यक्ति वहां पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा सका। वीरवार को वेस्ट रामनगर स्थित पाल सिंह के घर पर सुबह से ही परिवार को सांत्वना देने वाले पहुंचना शुरू हो गए थे। मासूम बेटी की मौत के बाद उसकी आत्मा की शांति के लिए परिवार ने हवन कराया। जिसमें आरोपी पूनम का पति नवीन व परिवार के अन्य सदस्य गांव भावड़ से पहुंचे थे। विधि के पिता संदीप ने बताया कि पूनम के मायके से कोई नहीं आया। हालांकि उन्होंने मायका पक्ष को लेकर मामले में जांच करने की मांग भी की। बता दें कि बच्चों की सुंदरता से नफरत करते हुए पूनम ने तीन बच्चों को डुबोकर मार दिया था। वहीं, सबूत मिटाने के लिए अपने बेटे की भी हत्या कर दी थी।

### जिस तरह मेरी पत्नी ने बच्चों को मारा, उसे भी वही सजा मिलनी चाहिए : नवीन

आरोपित पूनम के पति नवीन ने कहा कि 12 जनवरी 2023 को जब उनके पौने तीन साल के बेटे शुभम और नौ साल की भांजी इशिका की मौत हुई थी तो किसी को जरा भी शक नहीं हुआ। अब जब इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है तो उनकी दुनिया ही उजड़ गई है। नवीन ने भावुक होकर कहा कि जिस तरह पूनम ने मासूम शुभम, भांजी इशिका और भतीजी विधि को पानी में तड़पाया, उसे भी वही सजा मिलनी चाहिए। नवीन ने बताया कि उनकी शादी 2019 में हुई थी। पूनम कभी मानसिक रोगी नहीं लगी। हालांकि पहले बेटे की मौत के बाद वह अक्सर रूठकर मायके चली जाती थी और माता पिता से छोटे छोटे मुद्दों पर झगड़ा करती थी, पर किसी ने यह कल्पना नहीं की थी कि वह इतनी क्रूर हो सकती है। वह छोटे बेटे की देखभाल में खुद को व्यस्त दिखाती थी।

### आरोपी के परिवार की भी जांच हो : संदीप

विधि के पिता संदीप, जो मूलरूप से भावड़ हॉल वेस्ट रामनगर निवासी हैं ने बताया कि उनकी बेटी की हत्या उस समय की गई, जब बारात निकलने वाली थी और सभी लोग गीत संगीत व तैयारियों में व्यस्त थे। पूनम ने इस व्यस्तता का फायदा उठाया। संदीप के अनुसार, पूनम ने विधि से टब में पानी भरवाया और फिर उसे कमरे में रखने के नाम पर मदद मांगते हुए अंदर ले गई। वहीं उसने मासूम विधि को पानी में डुबोकर मार दिया। संदीप ने आरोपित पूनम के परिवार वालों पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए आशंका जताई कि पूनम अकेली नहीं थी और उसके घर वालों की भी इसमें कोई भूमिका हो सकती है। संदीप ने भावुक होकर यह भी कहा कि एक तरफ पूनम जैसी मां है जिसने मासूम बच्चे को मार दिया, वहीं दूसरी ओर उनकी पत्नी है जो आज भी पूनम के छोटे बच्चे को दूध पिलाकर ममता निभा रही है। विधि के दादा और पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त पाल सिंह ने आरोपित पूनम को बेहद चालाक बताया। उन्होंने कहा कि चार हत्याओं के बाद भी उसके माथे पर शिकन तक नहीं दिखी। उसने केवल इतना कहा कि मेरे से कुछ गलती हो गई है।

## प्रदूषण फैलाने पर बालाजी ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई

- रेड में कई खामियां मिलीं, बोर्ड के अधिकारियों ने कंपनी की अधिकतर मशीनों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने गांव भंडेरी में श्री बालाजी ट्रेडिंग कंपनी पर बड़ी कार्रवाई की। बोर्ड के अधिकारी जांच के लिए पहुंचे तो यहां कई खामियां मिलीं और अधिकतर मशीनों का सील कर दिया। बोर्ड के रीजनल अधिकारी अजय सिंह ने बिजली निगम के अधिकारियों को फैक्ट्री की बिजली सप्लाई बंद करने की सिफारिश की। अधिकारियों ने सील तोड़ कर फैक्ट्री दोबारा चलाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

गांव भंडेरी के पास श्री बालाजी ट्रेडिंग कंपनी की फैक्ट्री में पुराने टायरों को जलाकर तेल निकाला जाता है। गांव भंडेरी व आसपास के ग्रामीणों ने दो दिसंबर को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय को शिकायत देकर स्थिति से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों ने बोर्ड के अधिकारियों को भी शिकायत की कि फैक्ट्री से खतरनाक गैसें निकली रही हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से फील्ड अधिकारी योगेश कुमार सहारन, एईई कुशाग्र टीम के साथ बुधवार देर रात को फैक्ट्री में जांच के लिए पहुंचे। जांच के दौरान यूनिट टायर पायरोलिसिस के प्रोसेस से गैसें निकलती हुई मिली। यहां पर एयर पाल्यूशन कंट्रोल डिवाइस को लगाए बिना कच्चे माल के तौर पर स्क्रैप टायर का इस्तेमाल किया जा रहा था। इससे आने वाली बदबू से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही थी और यह बर्दाश्त के बाहर बताया गया। पायरोलिसिस सेक्शन पर यूनिट द्वारा दिया गया एपीसीएम चालू नहीं था और ठीक से रखरखाव नहीं किया गया था।


**गोहाना।** कंपनी के बाहर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## होम्योपैथी क्लीनिक में चोरी, नकदी और सामान पर हाथ किया साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रेलवे रोड स्थित दीवान होम्योपैथी में बीती रात चोरों ने घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और नगदी समेत अन्य सामान ले गए। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस थाना नजदीक होते हुए भी चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दूसरी ओर घटना की सूचना मिलते ही नगर निगम मेयर राजीव जैन मौके पर पंहुचे और होम्योपैथी क्लीनिक के मालिक डॉ. अनिल दीवान से घटना की जानकारी ली। उन्होंने सिविल लाइन के पुलिस अधिकारी को फोन करके पुलिस बुलाई और तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पीड़ित डॉ. दीवान ने बताया कि चोर शटर तोड़कर आधी रात को दुकान में घुसे और नगद राशि एवं तीन एलईडी टीवी उतार कर ले गए। चोरों ने सबसे पहले सीसीटीवी की तार काटी ताकि उनकी पहचान ना हो सके।

राजीव जैन ने बताया कि रातें सर्द होते ही चोरी की वारदात शुरू हो गई हैं तीन दिन पहले भी सुभाष चौक पर स्थित डोमिनोस में भी चोरी की वारदात हुई थी।

उन्होंने पुलिस को गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए और दुकानदारों से भी अपील की कि वे मार्किट में चौकीदारों की व्यवस्था अवश्य करें ताकि चोरी की वारदात पर अंकुश लग सके।


**सोनीपत।** चोरी की वारदात के उपरांत मौके पर पहुंचे मेयर राजीव जैन।

## बाजार में दीवार निर्माण पर हंगामा, काम रुकवाया

- सोनीपत में ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई पर सवाल, डीसीपी ने बैठक का दिया आश्वासन

.हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना रोड फ्लाईओवर से ककरोई चौक की ओर उतरने वाली व्यस्त मार्केट में गुरुवार सुबह उस समय अप्रत्याशित स्थिति बन गई, जब यातायात पुलिस द्वारा अचानक ईंट और रेती मंगवाकर दीवार निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई इस गतिविधि ने इलाके के व्यापारियों को चौंका दिया और देखते ही देखते बाजार के व्यापारी विरोध में एकजुट होकर बाहर निकल आए।

व्यापारियों को जैसे ही जानकारी मिली कि मार्केट के बीचों-बीच दीवार बनाने की तैयारी चल रही है, उन्होंने तुरंत जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला को सूचना दी और मौके पर बुलाया। व्यापारियों का कहना था कि बिना किसी पूर्व सूचना और बातचीत के बीच सड़क पर स्थायी निर्माण की कोशिश समझ के परे है और इससे व्यापार तथा आमजन दोनों प्रभावित होंगे। सूचना मिलते ही प्रधान संजय सिंगला मौके पर पहुंचे और सिटी ट्रैफिक एसएचओ देशराज से बातचीत की। सिंगला ने दीवार निर्माण को तत्काल रोकने का आग्रह किया, जिसके बाद एसएचओ देशराज ने निर्माण कार्य को फिलहाल रुकवा दिया। मामले की गंभीरता देखते हुए एसएचओ ने तत्काल डीसीपी नरेंद्र कादियान को स्थिति से अवगत कराया और संजय सिंगला की डीसीपी से फोन पर बात करवाई। बातचीत के दौरान सिंगला ने मार्केट में दीवार न बनाने का अनुरोध किया और व्यापारियों की चिंता से अवगत कराया। डीसीपी नरेंद्र कादियान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर व्यापारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया।


**सोनीपत।** मार्केट में पहुंचीं ईंटें और विरोध जताते हुए व्यापारी। फोटो : हरिभूमि

### तो आंदोलन को बाध्य होगा व्यापारी समुदाय

प्रधान संजय सिंगला ने कहा कि मार्केट के बीचों-बीच दीवार खड़ी करने से भारी परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन एक ओर अतिक्रमण हटाने की बात करता है, जबकि दूसरी ओर खुद स्थायी अतिक्रमण जैसा कदम उठा रहा है, जिसका व्यापार मंडल विरोध करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्थायी निर्माण से पहले व्यापारियों की सहमति और जनहित को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो व्यापारी समुदाय आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**सख्ती** | निदेशालय का निर्देश, प्रवेश पत्र और आधार फोटो एक समान हों

*हरियाणा बोर्ड ने परीक्षाओं की तैयारी की शुरू*

# परीक्षा से पहले विद्यार्थियों को आधार कार्ड में नवीनतम फोटो अपडेट करवाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। निदेशालय की ओर से शिक्षा विभाग को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं कि बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के आधार कार्ड में उनकी नवीनतम फोटो (वर्तमान फोटो) को अनिवार्य रूप से अपडेट करवाया जाए। इस कदम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) और उनके आधार कार्ड पर लगी तस्वीरें पूरी तरह से एक समान हों ताकि परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान उन्हें किसी भी तरह की पहचान संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। निदेशालय ने इस संबंध में विभाग को पत्र जारी किया है और सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**मार्च 2026 की परीक्षाओं पर फोकस**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2026 में कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। शिक्षा विभाग ने इन परीक्षाओं से पहले सभी पात्र विद्यार्थियों के आधार कार्ड को अपडेट करवाने का लक्ष्य रखा है। यह जिम्मेदारी जिले के सभी विद्यालय प्रबंधकों को सौंपी गई है। जिले में कुल 712 राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें से 76 राजकीय उच्च विद्यालय और 136 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

### फोटो अपडेट नहीं हुई तो परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान आएगी दिक्कत

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने अपने क्षेत्र के विद्यालयों में इस कार्य को सुनिश्चित करवाएं। हर विद्यार्थी के प्रवेश पत्र और आधार कार्ड पर एक समान फोटो अपडेट होने से पहचान सत्यापन त्वरित हो जाएगा और विद्यार्थियों को बिना किसी बाधा के परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिल सकेगा। इससे परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

### निर्देश जारी किए

सभी विद्यालय प्रबंधकों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के आधार कार्ड में फोटो अपडेट करवाना अनिवार्य रहेगा। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वह परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व इस कार्य को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि बाद में विद्यार्थियों को परेशानी न झेलनी पड़े।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### एटीएम काटकर चोरी की कोशिश का आरोपी युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने एटीएम मशीन को गैस कटर से काटकर रुपयों की चोरी करने की कोशिश करने वाले आरोपित अंकुर निवासी उल्देपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वेल्डिंग उपकरण भी बरामद कर लिया है। मामला 3 दिसम्बर 2025 को सामने आया, जब गौरव निवासी कोट मुबारकपुर, नई दिल्ली ने शिकायत दी कि हिटाची पेमेंट्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड विभिन्न बैंकों के एटीएम का रखरखाव करती है। कंपनी के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक का एक एटीएम मेन मार्किट, प्याऊ मनियारी रोड, कुण्डली में स्थापित है। 2 और 3 दिसम्बर की मध्यरात्रि में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एटीएम का शटर तोड़कर गैस कटर की मदद से मशीन को काटने का प्रयास किया, लेकिन वे रुपए नहीं निकाल सके। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक मंदीप कुमार ने आरोपित अंकुर को काबू किया।


गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

आज है इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे

# वॉलंटियर बनकर दुनिया बनाओ खूबसूरत



बच्चो, अपनी इच्छा से निस्वार्थ भाव से किसी की मदद करने वाले लोगों को वॉलंटियर्स कहते हैं। ये वॉलंटियर्स इंसानों की ही नहीं, पशु-पक्षियों और नेचर की केयर करने में भी पीछे नहीं रहते। इस दुनिया को सुंदर-प्यारा बनाए रखने में वॉलंटियर्स का बहुत बड़ा योगदान होता है। बच्चो, तुम भी एक अच्छे वॉलंटियर बनकर अपने समाज-देश और पूरी दुनिया को खूबसूरत बनाओ।

अवेयरनेस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, किसी की मदद करने का भाव तो हम सबके मन में होता है लेकिन इसे व्यवहार में उतारना आसान नहीं होता। अपने डेली रूटीन से किसी अच्छे काम के लिए समय निकालना मुश्किल होता है। किसी से मिलकर उसकी जरूरत या परेशानी के बारे में पूछने का काम भी सब नहीं कर पाते। सेवा-सहायता के इन प्यारे भावों को प्रैक्टिकली कर दिखाने का काम वॉलंटियर्स करते हैं। कैसे बिना किसी फायदे की चाह के अपनी छोटी-छोटी कोशिशों से किसी का मददगार बना जाए? कैसे अच्छी बातों को बर्ताव में उतारा जाए? किस तरह बिना दिखावे के किसी का साथ दिया जाए? किस तरह मोर्चे पर डटकर प्रकृति का ख्याल रखा जाए? पूरे तन-मन से कैसे किसी का मनोबल बढ़ाया जाए? ये सब कुछ ऐसे सेवाभावी लोगों यानी वॉलंटियर्स से सीखा जा सकता है।

### छोटे-छोटे कदम भी अहम

प्यारे बच्चो, किसी की सहायता करने या उसे संबल देने का काम हर कोई कर सकता है। बच्चे भी कर सकते हैं। वॉलंटियर के रूप में जरूरी नहीं कि बड़े स्तर पर ही कुछ किया जाए। अपने घर, आस-पड़ोस, सड़क, स्कूल, पार्क हर जगह सहयोगी सिटीजन की भूमिका निभाई जा सकती है। मुसीबत में मददगार बनने या फिर दुःख तकलीफ में किसी का साथ देने के लिए बस इच्छा शक्ति की दरकार होती है। असल में कंसर्न की सोच अपना लें तो पॉजिटिव भागीदारी का रास्ता मिल ही जाता है। इस सरोकारी समझ से हमारा छोटा सा कदम भी किसी की बहुत बड़ी मदद कर सकता है। हेल्प करने, साथ देने की इस सोच से पूरी दुनिया सुंदर बन सकती है। सबका जीवन सहज-सरल हो सकता है।

### यूं बनो मददगार

बच्चो, बड़ा दिल, खुली सोच और किसी की तकलीफ को समझने वाला हर इंसान वॉलंटियरिंग कर सकता है। जैसे किसी बुजुर्ग की मदद करना, पार्क में पेड़-पौधे लगाना, स्कूल में किसी साथी को चोट लगने या बीमार होने पर उसका बैग उठाना, ऐसे सभी काम सहायता का सुंदर भाव ही तो हैं। अपने एरिया में साफ-सफाई करते लोगों का साथ देने से लेकर घर में काम करने वाले सहायकों का बेवजह काम ना बढ़ाना भी, सेवा करने जैसा ही है। बच्चो, सिंपैथी और साथ देने की यह सोच बहुत से लाइफ स्किल्स भी सिखाती है। किसी तरह की कठिनाई या जरूरत में दूसरों का सहयोग करना अपने जीवन को संभालना भी सिखाता है। औरों का जीवन सहज बनाने के लिए किया गया छोटे से छोटा काम जिंदगी का सुंदर पाठ पढ़ाता है। इसीलिए न केवल खुद किसी की मदद करने की सोच रखनी चाहिए बल्कि वॉलंटियर्स का खूब सम्मान भी करना चाहिए। बच्चो, तुम्हें ऐसे पॉजिटिव काम करते देखकर दूसरे साथी भी प्रोत्साहित होते हैं। दुनिया को बेहतर बनाने के लिए तुम जैसे नन्हे वॉलंटियर्स की भूमिका भी बहुत अहम है। *









### इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे


बच्चो, हर साल 5 दिसंबर को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे असल में प्यार, परवाह और साझे जीवन का ही संदेश लिए है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1985 में शुरू किया गया यह खास दिन हर वर्ष एक विशेष संदेश देने वाले विषय यानी थीम को लेकर मनाया जाता है। साल 2025 में इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम है 'हर योगदान मायने रखता है'। इस थीम का मैसेज भी यही है कि बिना स्वार्थ की गई सेवा का हर छोटा या बड़ा कदम मायने रखता है। जितना संभव हो हम सबको यह सेवाभाव रखना चाहिए। समय, सेवा, धन या मान-मनोबल को उन लोगों तक पहुंचाना चाहिए, जो किसी तरह की परेशानी में हैं। इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे सभी को अपनी इच्छा से औरों के लिए हेल्पफुल बनने का संदेश भी देता है। साथ ही यह दिन दुनिया भर में उन लोगों को धन्यवाद देने का मौका भी है, जो अपना अनमोल वक्त स्वैच्छिक सेवा देने में लगाते हैं। सही मायने में मदद करने की भावनाओं को धरातल पर उतारते हैं। अपने आस-पास देखोगे तो तुम्हें भी ऐसे बहुत से संवेदनशील लोग मिल जाएंगे, जो किसी का सहयोग करने में आगे रहते हैं। बच्चो, इस वर्ष इंटरनेशनल वॉलंटियर्स-डे की थीम 'एवरी कॉन्ट्रिब्यूशन मैटर्स' को याद रखते हुए तुम भी सहजता से किसी जरूरतमंद के लिए जो कुछ किया जा सके, वह जरूर करो।

## भारत का मिनी स्विटजरलैंड खज्जियार

बच्चो, अपने देश में एक ऐसी जगह है, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' के नाम से दुनिया भर में मशहूर है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, मनोरम घाटियों, झीलों और हरे-भरे चारागाहों को देखने देश-दुनिया से पर्यटक आते हैं। जानो, भारत के 'मिनी स्विटजरलैंड' खज्जियार के बारे में।

अमेजिंग प्लेस

नयनतारा



बच्चो, अपने देश में प्राकृतिक सुंदरता और विविधता की भरमार है। यहां हिमालय की बर्फीली चोटियों से लेकर धूप में खिलते समुद्री तटों तक कई मोहक नजारे देखे जा सकते हैं। हमारे देश के कुछ स्थानों की तुलना अक्सर विश्वविख्यात अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशंस से भी की जाती है। भारत में एक जगह ऐसी भी है, जिसकी तुलना स्विटजरलैंड देश से की जाती है, इसे 'मिनी स्विटजरलैंड' भी कहा जाता है। इसका नाम है-खज्जियार।

**स्विटजरलैंड जैसा खूबसूरत:** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में, डलहौजी से लगभग 24 किमी दूर धौलाधार पर्वत श्रृंखला के नीचे स्थित है खज्जियार। यहां दूर तक फैले हुए हरे घास के मैदान, विशाल पहाड़, गहरी



घाटियां, क्रिस्टल की तरह साफ झीलें और हर तरफ प्राकृतिक सुंदरता छाई रहती है। किसी खूबसूरत पेंटिंग जैसा सुंदर दिखने वाला यह मनोरम स्थल कई मायने में यूरोपीय देश स्विटजरलैंड जैसा है।

**'मिनी स्विटजरलैंड' नाम कैसे-कब पड़ा:** बच्चो, खज्जियार को यूं ही मिनी स्विटजरलैंड नहीं कहा जाता, बल्कि आधिकारिक रूप से इसे यह नाम दिया गया है। दरअसल, भारत में स्विटजरलैंड के तत्कालीन राजदूत विल्ली पी. ब्लेजर ने 7 जुलाई 1992 को खज्जियार को आधिकारिक तौर पर विश्व के उन 160 स्थानों में शामिल किया, जो 'मिनी स्विटजरलैंड' कहे जाते हैं। उन्होंने खज्जियार में एक साइनबोर्ड भी लगवाया, जिसमें स्विस राजधानी बर्न से खज्जियार की दूरी 6,194 किमी दर्शाई गई है। मतलब यह कि स्विस सरकार भी खज्जियार को आधिकारिक तौर पर मिनी स्विटजरलैंड मानती है। यह बात स्विटजरलैंड की राजधानी बर्न में स्विस संसद के पास एक शिलालेख पर भी दर्ज है।

**प्राकृतिक आपदाओं का रहता है खतरा:** खज्जियार की गिनती निश्चित तौर पर भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे खूबसूरत स्थानों में होती है। लेकिन यहां भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। यह स्थान समुद्र तल से लगभग 1,920 मी. या 6,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो इसके क्लाइमेट और वनस्पति जगत को प्रभावित करता है। खज्जियार को भूकंप जोन 5 के अंतर्गत रखा गया है, जिसका अर्थ है कि यहां अधिक तीव्रता के भूकंप का खतरा बना रहता है। *

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

## सर्दी की धूप



रेशम-सी मुलायम लगती
सर्दी की अलसाई धूप।
देर से आकर जल्दी जाती
भागम-भाग मचाती धूप।
बूढ़े-बच्चे धूप सेंकते
तन को बहुत सुहाती धूप।
दादा जी पढ़ते अखबार

जब आ जाती छत पर धूप।
धुंध कोहरा जब छा जाता
नजर न आती सोनल धूप।
शीत लहर के आतंक से
बेबस-सी हो जाती धूप।
सरसों के पीले खेतों में
गीत खुशी के गाती धूप।



## हंसगुल्ले

**हिंदी टीचर :** 'दांत खट्टे करना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**आनंद :** मैंने रोहन को इमली खिलाकर उसके दांत खट्टे कर दिए।
-तुषार, रायपुर

**टीचर :** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन :** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-केशव, बिलासपुर



**पापा (सौरभ से) :** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ :** लेकिन पापा, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-सुमन, भोपाल

## जीके क्विज-182



1. हाल ही में पीएम मोदी ने किस सिख गुरु के सम्मान में एक विशेष सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किए?
2. बैडमिंटन में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?
3. बिहार के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. केरल की राजधानी कहां है?
5. 'मधुशाला' किस लेखक की प्रसिद्ध रचना है?
6. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
7. किस विटामिन को सोलर विटामिन कहा जाता है?
8. काठमांडू किस देश की राजधानी है?
9. कंगारू किस देश में पाया जाता है?
10. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?

बच्चो, जीके क्विज-182 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-181 का उत्तर :** 1.मीनाक्षी हूडा, 2.फातिमा बॉश, 3.फिलीपींस, 4.तैराकी, 5.हरा, 6. एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 7.सिक्किम, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.न्यूटन, 10.इंदिरा प्वॉइंट

**जीके क्विज-181 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, सूरज-रायपुर, कोमल-दुर्ग, साकेत-बिलासपुर, अंकित-रोहतक, अंश-भोपाल, शेखर-महासमुंद, हर्ष-बालोद

कहानी



अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# बंटी बेवकूफ है!



बंटी ने जब-जब किसी के साथ गलत-बुरा होते देखा, उसने उसकी मदद करनी चाही। लेकिन पापा ने उसे यह कहकर रोका, 'काहे दूसरों के मामले में अपनी टांग अड़ाते हो, यह बेवकूफी है।' फिर भी बंटी ने दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ा। एक दिन तो बंटी की बुरी तरह पिटाई हो गई। क्या इसके बाद बंटी ने लोगों की मदद करना छोड़ दिया?

पा...पापा वो देखो!' बालकनी में खड़े बंटी ने तेज आवाज में कहा और सीढ़ियों की तरफ दौड़ पड़ा। कमरे में बैठे पापा बालकनी में आए, देखा कि सामने सड़क पर एक लड़का गिरा पड़ा था, तीन लड़के उसकी पिटाई कर रहे थे।

'अरे बंटी! रुक...रुक...रुक बेटा!' आवाज देते पापा बंटी के पीछे दौड़े। सीढ़ियों से उतर कर बंटी घर से बाहर निकलने ही वाला था कि पापा ने उसकी बांह पकड़ ली। पापा ने डांटते हुए पूछा, 'तू कहां जा रहा है?'

'उस भैया की मदद करने। देखा नहीं आपने, तीन लड़के अकेले भैया की कैसी पिटाई कर रहे हैं?' बंटी अपनी बांह छुड़ाने की कोशिश करते हुए बोला।

'तुमसे क्या मतलब? चल अंदर...!' पापा ने गुस्से में कहा और दरवाजा बंद कर बंटी को ऊपर खींच लाए। बंटी मन मसोस कर रह गया।

ऐसे ही एक दिन बंटी अपने पापा के साथ स्कूटर पर बाजार जा रहा था। रास्ते में उसके बगल से एक मोटर साइकिल निकली, जिस पर दो नौजवान लड़के बैठे हुए थे। अचानक मोटर साइकिल सड़क के किनारे पैदल जा रही एक महिला के बगल में रुकी और पीछे बैठे लड़के ने झपट्टा मार कर उस महिला के गले से चेन खींच ली। महिला सड़क पर गिर गई। वह चिल्लाती रही और मोटर साइकिल सवार लड़के तेजी से भाग गए।

'पापा...वो देखो उस मोटर साइकिल पर जा रहे लड़के आंटी के गले से चेन खींच कर भाग गए। आंटी जमीन पर गिर गई हैं।' बंटी ने पापा से कहा।

'तू चुप कर...!' पापा ने कहा और स्कूटर की स्पीड तेज कर दी।

'पापा...मैंने मोटर साइकिल का नंबर पढ़ लिया है। उसके आखिर में बी. एन. सिक्स थ्री नाइन टू लिखा था। हमें पुलिस को बता देना चाहिए।' बंटी बोला।

'तुमने कुछ नहीं देखा है। बस अपने काम से काम रखा करो। और सुनो, किसी से यह कहने की जरूरत नहीं कि तुमने मोटर साइकिल का नंबर देखा था।' पापा बोले।

'आखिर क्यों नहीं पापा? पुलिस को बता देने से शायद बदमाश पकड़ लिए जाएं, आंटी की चेन मिल जाए।' बंटी बोला। 'बेवकूफी की बात मत कर। मैं जितना कह रहा हूं, बस उतना ही सुना।' पापा ने जोर से डांटा। बंटी अपना मन मारकर बैठ गया।

उस दिन स्कूल में छुट्टी के बाद कक्षा सात और कक्षा आठ की क्रिकेट टीमों के बीच मैच था। अपनी कक्षा सात की टीम का एक खिलाड़ी बंटी भी था। मैच खत्म होने के बाद स्कूल से लौटने में देर हो गई थी। शाम का हल्का अंधेरा हो गया था। रास्ते में अचानक एक सुनसान गली से किसी लड़की के चीखने की आवाज सुनाई पड़ी। बंटी ने रुक कर इधर-उधर देखा, सामने दो बदमाश लड़के एक लड़की का रास्ता रोके खड़े थे। एक लड़के ने लड़की का हाथ पकड़ रखा था। लड़की रो रही थी। वह बार-बार 'प्लीज मुझे छोड़ दीजिए...प्लीज मुझे जाने दीजिए...' बोल रही थी, लेकिन वे बदमाश लड़के उसको जाने नहीं दे रहे थे।

सड़क पर जा रहे लोग लड़की की आवाज सुन कर गली की तरफ एक नजर देखते थे और आगे बढ़ जाते थे। किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। बंटी से रहा नहीं गया। वह तेजी से बदमाश लड़कों की ओर बढ़ा और अपना बैट पीछे से एक बदमाश के कंधे पर पूरी ताकत से दे मारा। इस अचानक हुए हमले से बदमाश घबरा गए। वे लड़की को छोड़ बंटी से भिड़ गए। इतने में लड़की को मौका मिल गया। वह भाग कर सड़क पर आई और 'बचाओ...बचाओ...बचाओ...बचाओ' चिल्लाने लगी। जब तक लोग जुटे तब तक वे बदमाश लड़के बंटी को पीटकर वहां से भाग गए थे। खबर मिली तो बंटी के पापा-मम्मी भागे-भागे वहां पहुंचे। उसे तुरंत घर ले आए फिर फर्स्ट एड करने के बाद पापा ने बंटी से कहा,'बार-बार समझाया है मैंने, दूसरों के टंटे में मत पड़ा करो, लेकिन तुम सुनते ही नहीं। तुम्हें ऐसी बेवकूफी करने की क्या जरूरत थी, जो लड़की को बचाने चले गए। तुम क्या शक्तिमान हो?' मम्मी भी बोलीं, 'बंटी, तुम इस तरह की बेवकूफी क्यों करते हो, जो दूसरों की वजह से पिटो।'

लेकिन बंटी को अपनी बेवकूफी पर कोई पश्चाताप नहीं था। वह मन ही मन सोच रहा था, किसी के साथ कुछ बुरा हो रहा हो तो उसकी मदद करना, विरोध करना कैसे बेवकूफी कही जाएगी? इस तरह लोग चुप रहेंगे तो बदमाशों का चारों तरफ बोलबाला हो जाएगा। सभी को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। *

छोटी कहानी / मुग्धा

## आलस्य का त्याग

एक चील थी। उसके दो नन्हे-नन्हे बच्चे थे। बच्चों के पंख आने में अभी काफी समय था, लेकिन वे अपनी मां से बाहर घुमाने की जिद करते। मां उन्हें अपनी पीठ पर बैठाकर घुमा देती थी। असल में चील अपने बच्चों से बहुत प्यार करती थी। उनकी सभी इच्छाएं पूरी करती थी। बच्चों को सब कुछ बैठे-बिठाए मिल जाने की वजह से बच्चे आलसी हो गए। यहां तक कि वे खुद उड़ने से कतराने लगे। चील ने कितना समझाया कि वे उड़ना सीखें, जरूरी है। लेकिन आलसी बच्चे उड़ने की जरा-सी भी कोशिश नहीं करते। चील अपने बच्चों के इस आलसीपन से बहुत दुखी थी।



एक दिन सुबह-सुबह चील ने बच्चों को अपनी पीठ पर बैठाकर ऊंची उड़ान भरी। ऊंचाई पर पहुंचकर चील ने पीठ पर बैठे दोनों बच्चों को गिरा दिया। वे करते तो क्या करते, मजबूरी में दोनों बच्चों ने अपने पंख फड़फड़ाना शुरू कर दिए, वे किसी तरह उड़े। जैसे-तैसे उन बच्चों ने अपनी जान बचाई। वापस आकर दोनों बच्चे अपनी मां पर बिगड़े, बोले, 'मां, आज तो आपने हमें मरवा ही दिया था। अगर हमने कोशिश कर अपने यह पंख न फड़फड़ाए होते, तो सोचो हमारे साथ क्या हो जाता?' चील ने हंसकर अपने बच्चों से कहा, 'जो लोग अपने आप नहीं सीखते हैं, आलस्य नहीं छोड़ते हैं, उन्हें सिखाने का यही नियम है। बच्चो, हमारी पहचान ऊंची उड़ान से है, यही हमारी विशेषता है। इसे बढ़ाने के लिए हमें निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए।' चील के बच्चों को अपनी मां की बातें समझ आ गईं। इसके बाद उन्होंने आलस्य छोड़कर उड़ना शुरू कर दिया। लगातार अभ्यास से वे भी काफी ऊंचाई पर उड़ने लगे। अब वह उड़ने के लिए अपनी मां पर निर्भर नहीं थे। *

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां रेंडियर के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी छह अंतर खोजो।



उत्तर: 1. लड़की के मफलर के आगे लटक रहे हिस्से में एक फोल्ड अधिक खुला हुआ है। 2.लड़की की बाईं चोटी में रेड की बजाय व्हाइट हेयर-बैंड लगा हुआ है। 3.लड़की के बाएं हाथ में पहने ग्लव में अंगूठा नहीं दिख रहा है। 4.रेंडियर की बाईं हॉर्न (सींग) में तीन ब्रांचेज हैं। 5.रेंडियर की पूंछ के ठीक ऊपर एक स्टार दिखाई दे रहा है। 6.रेंडियर के पिछले दाएं पैर में हूफ (खुर) नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अपनों से बिछड़े अली की कहानी

बड़े और पूरे-पूरे पृष्ठों पर फैले हुए चित्रों वाली एक कहानी की किताब है-मैं अली। मूल रूप से अंग्रेजी में लिखी गई इस कहानी की किताब का हिंदी अनुवाद अभी छपकर आया है। देश की सीमा पर बसे एक छोटे से गांव की इस कहानी में एक परिवार की बात है। एक बार युद्ध होता है। इससे अफरा-तफरी मच जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उस परिवार का गांव नदी के आर-पार दो हिस्सों में बंट जाता है। परिवार के जो लोग अपने मवेशी चराने जंगल की तरफ जाते हैं, वह एक अलग देश बन जाता है। एक हिस्से में रहने वाले लोगों को दूसरे हिस्से में आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। इस वजह से परिवार का एक बच्चा अली, अपने मां, पिता और बहन से बिछड़कर एक बुजुर्ग के पास रह जाता है। यह बच्चा बड़े होने पर जब यह सब जानता है, तब क्या सोचता है और उसके मन में कैसी बातें आती हैं, यह इस किताब में पढ़ा जा सकता है। यह किताब युद्ध और उससे होने वाले बंटवारे से उपजी तकलीफों को प्रकट करती है। *





**किताब :** मैं-अली, **लेखन :** सुजाता पद्मनाभन, **अनुवाद :** विनता विश्वनाथन, **मूल्य :** 70 रुपए, **प्रकाशक :** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## खबर संक्षेप

### कृषि मशीनों का किया भौतिक सत्यापन

**खरखौदा।** कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत किसानों को दिए जाने वाले अनुदान पर खरीदी गई कृषि मशीनरी का विभागीय टीम ने भौतिक सत्यापन किया। उपायुक्त जांच समिति ने किसानों की मशीनों को पोर्टल पर सफलतापूर्वक सत्यापित किया। खरखौदा खंड के कृषि अधिकारी डॉ. रविंद्र दहिया, विषय विशेषज्ञ राहुल सैनी, सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक दीपक धीमान, विशाल, दीपक दहिया, कृषि पर्यवेक्षक रघुराज दहिया, फिल्डमैन हरेंद्र सिंह, अजय, राहुल और जी एस टी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों की टीम ने आईटीआई के पास 61 सुपर सीडर, 2 मल्चर और 2 जीरो टिल ड्रिल का निरीक्षण किया।

### अच्छी पैदावार के लिए मिट्टी की जांच जरूरी

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत गुरुवार को गांव गंगाना और राणा खेड़ी में किसान जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में किसानों को खेत की मिट्टी की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंडलाना खंड के बीएओ डॉ. कुलदीप ने की। भूमि परीक्षण अधिकारी (एसटीओ) डॉ. सुरेंद्र ने कहा कि किसान फसलों की अच्छी पैदावार लेने के लिए खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं। इससे किसानों को यह पता चल जाएगा कि उसके खेत की मिट्टी में किन-किन पोषक तत्वों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान खेत की मिट्टी की जांच करवाने के बाद ही फसल में आवश्यकता अनुसार खाद का उपयोग करें।

### हवाई फायर-धमकी देने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले के थाना मोहाना पुलिस ने हवाई फायर करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते आरोपित विकास उर्फ काशु निवासी सलारपुर माजरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। मामला 3 दिसम्बर को सामने आया, जब निखिल निवासी सलारपुर माजरा ने थाना मोहाना में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के अनुसार 2 दिसम्बर की रात 9:51 बजे विकास ने निखिल को फोन कर बुलाया। निखिल अपने भाई साहिल के साथ बाहर आया तो विकास और अंकित गाड़ी से उतरकर गली में पहुंचे थे।

## जिले के नागरिक अस्पताल में खून जांच फिर शुरू, मरीजों को मिली राहत

# 20 दिनों बाद अस्पताल की लैब में फिर चलीं जांच मशीनें

एएनसी जांच से लेकर ऑपरेशन पूर्व जांच तक, सभी सेवाएं दोबारा पटरी पर

किट और केमिकल उपलब्ध सीबीसी और एलएफटी जांचें अब नियमित रूप से होंगी

रिजेंट की कमी दूर होते ही मरीजों की भीड़ में आई कमी, निजी लैब पर निर्भरता खत्म

सीबीसी और एलएफटी न होने से परेशान थे मरीज, रोजाना 400 के करीब मरीज हो रहे थे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में 20 दिनों से बाधित चल रही खून की अहम जांचें अब पूरी तरह से बहाल हो गई हैं। अस्पताल की प्रयोगशाला (लैब) में रक्त जांच के लिए जरूरी किट और केमिकल की आपूर्ति हो चुकी है, जिसके बाद संपूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) और लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी) जैसी महत्वपूर्ण जांचें फिर से शुरू कर दी गई हैं। इस खबर से उन सैकड़ों मरीजों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें इन दिनों खून जांच के लिए निजी प्रयोगशालाओं का रुख करना पड़ रहा था। स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन के समन्वय से जरूरी सामग्री की कमी को दूर कर लिया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, किट और रिजेंट (केमिकल) के अभाव में पिछले 15 से 20 दिनों तक मरीजों की नियमित जांचें प्रभावित हो रही थीं, जिससे रोजाना आने वाले सैंकड़ों मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, नागरिक अस्पताल की प्रयोगशाला में रिजेंट जांच किट खत्म होने से करीब 20 दिन से मरीज की संपूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) और लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी) जैसी अहम जांचें नहीं हो पा रही थीं। चिकित्सकों से परामर्श लेने के बाद भी मरीजों को अस्पताल से खाली हाथ लौटना पड़ रहा था, क्योंकि चिकित्सक द्वारा खून की जांच कराने के निर्देश दिए जाने पर भी लैब में किट खत्म होने से जांच संभव नहीं थी।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में मरीज को जांच के लिए ले जाते हुए।

### रोजाना आ रहे थे 400 से ज्यादा मरीज

अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या को देखते हुए इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। औसतन प्रतिदिन लगभग 150 मरीज एलएफटी की जांच करवाने के लिए आते थे, जबकि सीबीसी की जांच के लिए रोजाना 250 मरीज अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इन सभी मरीजों को मजबूरी में निजी प्रयोगशालाओं का रुख करना पड़ रहा था, जहाँ उन्हें जांच के नाम पर अच्छी खासी फीस चुकानी पड़ती थी।

### गर्भवती महिलाओं व बुजुर्गों को थी सबसे ज्यादा परेशानी

जांच किट की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को भी विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिला नागरिक अस्पताल में एएनसी (प्रसव पूर्व देखभाल) जांच के लिए रोजाना 100 से ज्यादा गर्भवती महिलाएं आती हैं। महिला चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं के ओपीडी कार्ड पर सीबीसी जांच के लिए लिखा जाता था, लेकिन जांच न होने की वजह से उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा था। गर्भावस्था के दौरान सीबीसी जांच खून की कमी और स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाने के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। इसी तरह, बुजुर्ग मरीजों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। आँखों का ऑपरेशन कराने से पहले रक्त की आवश्यक जांच करानी होती है, जो कि प्रयोगशाला में उपकरण और सामग्री की कमी के कारण प्रभावित हो रही थी। इन महत्वपूर्ण जाँचों के न होने से उनका ऑपरेशन भी लंबित हो रहा था, जिससे उनकी तकलीफ बढ़ रही थी।

### निजी लैब जाने की जरूरत नहीं: अस्पताल प्रबंधन

प्रयोगशाला में अब आवश्यक खून जांच किट और केमिकल पर्याप्त मात्रा में पहुँच गए हैं। प्रयोगशाला में रक्त जांच का काम पूरी क्षमता से शुरू हो चुका है। जिसके बाद अब मरीजों को खून की जांच कराने के लिए किसी भी निजी प्रयोगशाला में जाने की जरूरत नहीं है। अस्पताल में जांचें शुरू होने से मरीजों का समय और पैसा दोनों बचेगा, और गर्भवती महिलाओं तथा बुजुर्गों को उनकी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिल सकेंगी। अधिकारियों के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में इस तरह की आवश्यक सामग्री की कमी न हो, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### राहत मिलेगी

जिला अस्पताल में जांच किट व केमिकल होने के बाद प्रयोगशाला में खून की जांच शुरू हो गई है। अब मरीजों को बाहर निजी प्रयोगशाला में खून जांच कराने की जरूरत नहीं होगी।
-डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन, सोनीपत

*दो वर्ष से अटकी पड़ी है 1.52 करोड़ से बनने वाली निर्माणाधीन पार्किंग, सरकार का पैसा हो रहा बर्बाद*

## डीक्रस्ट के नॉन टीचिंग कर्मचारियों ने कुलपति के खिलाफ की नारेबाजी

- डीक्रस्ट के नॉन टीचिंग कर्मचारियों का दो साल से लंबित मांगों को लेकर चौथे दिन धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के नॉन टीचिंग कर्मचारियों की यूनियन ने कुलपति के खिलाफ दीनबंधु छोटू राम की प्रतिमा के सामने नारेबाजी की। डीक्रस्ट नॉन टीचिंग यूनियन ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुलपति की कार्यप्रणाली के कारण यूनिर्वसिटी की 1.52 करोड़ की निर्माणाधीन पार्किंग दो वर्ष से अटकी पड़ी है। सरकार का पैसा बर्बाद हो रहा है, जबकि कुलपति ने अपने सरकारी आवास पर 6 एसी लगवाए हैं। दो वर्ष से लंबित मांगों को लेकर डीक्रस्ट की नॉन टीचिंग यूनियन का धरना चौथे दिना जारी रहा।

डीक्रस्ट नॉन टीचिंग के प्रधान आनंद राणा ने कहा कि पिछले दो वर्षों से विश्वविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होता जा रहा है। वहीं कुलपति अपने आवास व कार्यालय में महंगी सुविधाओं का आनंद ले रहे हैं। एक तरफ छात्र व कर्मचारी सड़क टूटने से उड़ने वाली धूल से परेशान हैं, दो गाड़ियों के शीशे सड़क की रोड़ी लगने से टूट चुके हैं, वहीं दूसरी तरफ कुलपति अपने कार्यालय में एयर प्योरीफायर लगवा रहे हैं। कुलपति ने अपने घर में 6 एसी लगवाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के नियमानुसार कुलपति अपने एक कार्यकाल में अधिकतम 5 लाख रुपये की खरीद अपने आवास व कैंप कार्यालय में कर सकते हैं, जबकि कुलपति मनमानी कर रहे हैं। कुलपति ने अपने लिए दो सरकारी गाडियां रख रखी हैं, जबकि छात्रों के लिए एंबुलेंस की सुविधा पिछले दो वर्षों से नहीं मिल पा रही है।

### निर्माणाधीन पार्किंग के मलबे से परेशानी

प्रधान आनंद राणा ने कहा कि एडमिन ब्लॉक के पास पार्किंग बनाने के लिए 1.52 करोड रुपये का ठेका दिया गया था, ठेकेदार को पेमेंट न करने के कारण कार्य अधूरा पड़ा है। यह कार्य पूरा कराना कुलपति के अधिकार क्षेत्र में आता है जो कि दो करोड़ रुपये के खर्च से नीचे का है, जिसमें हरियाणा सरकार से परमिशन लेने की भी जरुरत नहीं है। हरियाणा सरकार का पैसा पिछले दो साल से काम में प्रोग्रेस न होने की वजह से बर्बाद हो रहा है। जबकि कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि निर्माणाधीन पार्किंग का मलबा चारों तरफ बिखरा पड़ा है।

### धरना जारी रहेगा

इस अवसर उपप्रधान सुरेश पूठी ने कर्मचारियों को कहा कि जब तक लंबित मांगें पूरी नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। प्रधान राणा ने धरने की अध्यक्षता की, जबकि मंच संचालन महासचिव नीरज ने किया। सचिन दहिया, राजकुमार शर्मा, महेंद्र सैनी, जयप्रकाश, भूपेंद्र, राजेश व अनुराधा आदि यूनियन सदस्य उपस्थित रहे।

### 108 बोतल अवैध शराब बरामद

**सोनीपत।** सोनीपत जिले में अवैध शराब तस्करी पर नकेल कसते हुए थाना शहर सोनीपत और थाना सदर सोनीपत की पुलिस ने दो अलग-अलग घटनाओं में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पहली घटना में थाना शहर सोनीपत पुलिस ने आरोपित प्रदीप निवासी वेस्ट राम नगर सोनीपत को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम उप निरीक्षक हितेश के नेतृत्व में 3 दिसम्बर को गांव कालुपुर में गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि प्रदीप लाल स्कूल के पास अवैध शराब बेच रहा है। टीम मौके पर पहुंची तो प्रदीप को शराब की बोतल लिए देखा गया। तलाशी में उसके कट्टे से देशी शराब की कुल 22 बोतलें (9 बोतल, 3 अध्धे और 10 पव्वे) बरामद हुई। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर सिपाही ब्रिजेश ने प्रदीप को गिरफ्तार किया।

*ग्लोबल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन*

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए विद्यार्थियों में विज्ञान विषय में रूचि होना जरूरी : पंकज

- विजेताओं को एमडी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

खानपुर कलां गांव स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय से संबंधित मॉडल प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को स्कूल के एमडी पंकज जाले ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करे सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रीति शर्मा ने की।

विज्ञान प्रदर्शनी में वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 11वीं से देव काद्यान और तनिष्क, कक्षा 9वीं से रितेश और भविष्य के मॉडल अव्वल घोषित किए गए। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 8वीं से यश, अंशुल, नक्ष और समीर जबकि कक्षा छठी से अभिनव, रोनित और दृष्टि के मॉडल प्रथम घोषित किए गए। स्कूल के एमडी पंकज जाले ने कहा कि आज विज्ञान का युग है। जीवन में आगे बढने के लिए विद्यार्थियों में विज्ञान विषय में रूचि होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों में भावी वैज्ञानिकों को विज्ञान विषय से संबंधित अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है।



गोहाना। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों का अवलोकन करते हुए प्राचार्या प्रीति शर्मा व शिक्षकगण।

*एचएसवीपी कार्यालय परिसर में संयुक्त कर्मचारी मंच व यूनियनों की बैठक*

## लंबित मांगें पूरी न होने पर कर्मचारियों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी

- पोर्टल तुरंत खोला जाए ताकि कर्मियों का रिकॉर्ड तत्काल अपलोड करवाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एचएसवीपी कार्यालय परिसर सेक्टर 15 सोनीपत में हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच, हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के पदाधिकारियों की सामूहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के राज्य महासचिव एवं हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने की, जबकि संचालन राज्य कोषाध्यक्ष महावीर सिंह नागर ने किया। बैठक में दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार से मांग की कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की 58 वर्ष सेवा सुरक्षा के गारंटी पत्र जारी करने हेतु पोर्टल तुरंत खोला जाए और कर्मचारियों का रिकॉर्ड तत्काल अपलोड करवाया जाए, ताकि शीघ्र ज्वाइनिंग हो सके। उन्होंने कहा कि मंजूरी मिलने तक इस माह की सैलरी जारी की जाए, वरना यूनियन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन व पंचकूला में रैली करने के लिए बाध्य होगी। 30 अक्टूबर को एचएसवीपी अधिकारियों के साथ हुई वार्ता की प्रोसिडिंग भी जारी करने की मांग की।बैठक में महावीर सिंह नागर, ध्रुव कुमार, सुरेंद्र रंगा, समेश कुमार, सतीश शर्मा, सुरेश रोहिल्ला, टीनू मदान, राजकुमार, योगेश नागर आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद यूनियन और मंच के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**समस्या** लंबे समय से मिल रहा लोगों को खुली जगह में शिफ्ट होने का आश्वासन

## जैन गली में डाकघर के कारण बनी अवैध पार्किंग से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जैन गली स्थित डाकघर लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। गली अत्यंत संकरी होने के कारण डाकघर में आने वाले उपभोक्ताओं की मोटरसाइकिल और अन्य वाहनों की अवैध पार्किंग से राहगीरों व स्थानीय निवासियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन पार्किंग को लेकर झगड़े की नौबत बन जाती है और अक्सर उन्हें खुद ही वाहन हटवाकर रास्ता साफ करना पड़ता है। गली में रहने वाले लोगों को अपनी गाड़ी निकालने से पहले बहुत दिक्कत झेलनी पड़ती है, उसके बाद गाड़ी उनकी बाहर निकलती है। जैन गली में पहले ही जगह बेहद कम है। ऊपर से डाकघर आने वाले लोगों की भीड़ व पार्किंग ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। लोग समस्या को लेकर प्रतिदिन गन्नौर डाकटर के पोस्ट मास्टर को अवगत करवाते रहते है। ऐसे में उनके लिए भी डयूटी करना परेशानी हो गई है। बार- बार लोगों को वे क्या जवाब दे। गली के निवासियों ने मांग की है कि डाकघर को किसी ऐसे स्थान पर शिफ्ट किया जाए जहां पर्याप्त जगह हो और लोगों को सेवाओं का लाभ लेने में भी आसानी रहे।



गन्नौर। डाकघर के बाहर डाकघर में आए लोगों द्वारा गली में खड़ी की मोटरसाईकिल।

### जल्द ही डाकघर को शिफ्ट कर दिया जाएगा : राजीव शर्मा

डाकघर के पोस्ट मास्टर राजीव शर्मा ने समस्या को लेकर जानकारी लेने पर बताया कि विभाग द्वारा समस्या को लेकर जल्द ही डाकघर को शिफ्ट कर दिया जाएगा। उसके लिए खुले में जगह की तलाश की जा रही है। डाकघर के स्थानांतरण के बाद जैन गली में आवागमन सुगम हो जाएगा।

### जगह नही मिलती तो सचिवालय में किया जाए शिफ्ट : गलीवासी

गली के लोगों ने कहा कि जल्दी ही जगह नही मिलती तो डाकघर को सचिवालय में सरकार की सुविधा के अनुसार उसे मिनी सचिवालय में शिफ्ट कर दिया जाए। वहीं विभाग के सुत्रों के अनुसार गन्नौर गांव स्थित छोटे डाकघर की ब्रांच को मिनी सचिवालय में शिफ्ट किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत को लेकर डीक्रस्ट में हुई कार्यशाला



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार और स्टार्टअप कल्चर को प्रोत्साहित करना था, ताकि देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार देने के लिए एक ठोस ढांचा तैयार किया जा सके। कार्यशाला में विशेष रूप से इनक्यूबेशन सेंटर और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए रोडमैप भी तैयार किया गया। कार्यशाला में देशभर के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें कुलगुरु प्रो. श्री प्रकाश सिंह, प्रो अभिषेक टंडन (दिल्ली विश्वविद्यालय), प्रो अनिल कुमार (दिल्ली विवि), प्रो. विक्रम सिंह (श्री विश्वकर्मा कौशल विवि, पलवल) और प्रोफेसर गिरीश कुमार (दिल्ली तकनीकी विवि) इस विवि के इनक्यूबेशन सेंटर के निदेशक प्रो. अमित गर्ग, पीआई प्रो. दिनेश सिंह व सदस्य डॉ. दिनेश अटल, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. अशोक कुमार शामिल थे।

### राजकीय महाविद्यालय में मनाया नौसेना दिवस



**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पीपली में रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा नौसेना दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी तथा रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश बाजवान ने किया। निबंध का विषय- भारत के समुद्री हितों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका था। जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना की सामरिक, सुरक्षा, मानवीय तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग संबंधी भूमिकाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में समुद्री सुरक्षा, राष्ट्रीय हितों तथा भारतीय नौसेना की महत्त्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सुरक्षा संबंधी समझ को मजबूत करते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. योगेश बाजवान ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि रक्षा अध्ययन के विद्यार्थियों के लिए भारतीय नौसेना की भूमिका को जानना अत्यंत आवश्यक है।

### जरूरतमंद छात्राओं को वितरित की ड्रेस



**खरखौदा।** जग उत्थान खेल शिक्षा समिति द्वारा जटोला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 33 जरूरतमंद छात्राओं को स्कूल की वर्दी के साथ-साथ जूते, जर्सी, ब्लेजर, वितरित किए गए। समिति ने विद्यार्थियों को सर्दी की आवश्यकताओं के अनुरूप संपूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई है। विद्यालय प्रिंसिपल विरेन्द्र पाराशर ने समिति के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों का मनोबल ऊँचा उठाने में सहायक होते हैं। समिति संरक्षक एवं कुश्ती कोच ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि समिति का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में निरंतर सहयोग प्रदान करना है। समिति के पूर्व प्रधान सोमबीर आर्य ने कहा कि समाज में जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना समिति का मुख्य उद्देश्य है। विद्यालय परिवार ने समिति के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत करवाया



**सोनीपत।** ब्लॉक स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गढ़ी ब्राह्मणान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूरजभान रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिया तथा उन्हें कानून संबंधी मूलभूत अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी विद्यालय प्राचार्य अतुल खट्टर द्वारा उत्कृष्ट रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लीगल लिटरेसी से जुड़े विषयों पर भाषण, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम का संयोजन सुमन ने किया।

### थाना कलां के स्कूल में लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता हुई



**खरखौदा।** थाना कलां गांव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 वो तक के राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राठी के मार्गदर्शन तथा विद्यालय प्राचार्या बबीता रानी की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आमजन को कानून, नियमों तथा नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 10 प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, नाटक, कविता गायन, पेंटिंग, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तथा सामाजिक मुद्दों पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण शामिल रहे।रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ तथा खंड संसाधन समन्वयक कार्यालय, खरखौदा की टीम का योगदान रहा।

### अधिकार, सम्मान व कानूनी सहायता की जानकारी दी




**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत ने वीरवार को हैबिटेट क्लब, रेड क्रॉस कार्यालय के निकट एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्वीकारः न्याय और सम्मान अभियान के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश और चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत जगजीत सिंह तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और सचिव प्रचेता सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इस जागरूकता सत्र का संचालन पैनल अधिवक्ता विनोद शर्मा ने किया। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए उपलब्ध विधिक अधिकारों, सम्मानजनक जीवन, समान अवसरों और न्याय सुनिश्चित करने वाले कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति संवेदनशीलता और स्वीकृति बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप



### एपी गर्ग स्कूल में नवनिर्मित हॉल का किया उद्घाटन

**खरखौदा।** सांपला रोड पर स्थित एपी गर्ग पब्लिक स्कूल में नए हॉल का उद्घाटन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ करके प्रसाद वितरित किया गया।विद्यालय चेयरमैन मोहन लाल गुप्ता, मुख्याध्यापिका अल्का गर्ग, डॉ रमेश बत्रा, संदीप, कमल, बिजेंद्र ,सुधीर, प्रमोद कुमार, रेशमा आदि इस मौके पर उपस्थित रहे।

### संत भरतू शाह के जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन



**सोनीपत।** श्री सतगुरु भरतू शाह आश्रम कबीर चौरा समिति द्वारा वीरवार को विशाल सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सतगुरु भरतू शाह का 135 वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर आश्रम पंडाल में दूर दराज से भगतजनों व साध संगत ने भाग लिया। भरतू शाह का जीवन परिचय देते हुए वर्तमान गद्दी नशीन संत सत्यदास ने बताया कि भरतू शाह का जन्म सन 1890 में झज्जर जिले के दुल्हेड़ा गांव में हुआ।

### जरूरतमंद कन्या की करवाई शादी


**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा बेटी बोझ नहीं जरूरतमंद कन्या विवाह परियोजना के तहत 4 दिसंबर को अग्रवाल धर्मशाला सोनीपत में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सम्पन्न कराया गया। यह संस्था द्वारा करवाई गई 161वीं शादी रही। चेयरमैन वाईके त्यागी और प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था कई वर्षों से जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के विवाह में सहयोग कर रही है। संस्था विवाह में कन्या को बेड, अलमारी, सिलाई मशीन, चांदी का सामान, बर्तन, कपड़े, मेकअप किट और अन्य गृहस्थी सामग्री प्रदान करती है। विवाह की विशेषता यह रही कि न कोई बैनर लगाया गया और न ही संस्था पदाधिकारी मंच पर दिखे, ताकि परिवार की गरिमा बनी रहे।

## चौ. देवीलाल सहकारी चीनी मिल गोहाना में 25वें पेराई सत्र का शुभारंभ

# किसान की मेहनत, पसीना व विश्वास ही शुगर मिल की वास्तविक पूंजी : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गुरुवार को आहुलाना गांव स्थित चौ. देवीलाल सहकारी चीनी मिल के 25वें पेराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया। इस समय उनके साथ उनकी पत्नी रीटा शर्मा भी मौजूद रहीं। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि चीनी मिल केवल एक औद्योगिक इकाई नहीं बल्कि क्षेत्र की धड़कन, किसानों की आशा और हजारों परिवारों की आजीविका का आधार है। गोहाना क्षेत्र ने इस मिल की स्थापना के लिए जिस संघर्ष का सामना किया। आज उस प्रयास का परिणाम क्षेत्र की प्रगति के रूप में सामने है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसान की मेहनत, पसीना और विश्वास ही इस मिल की वास्तविक पूंजी है। किसान तपती धूप, रात का अंधेरा, आंधी व तूफान या किसी भी मौसम की कठिनाई में अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटता। प्रदेश सरकार किसानों के हित में प्रतिबद्ध है और भुगतान, मिल संचालन व नई तकनीक के उपयोग सहित हर क्षेत्र में किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। बीते पेराई सीजन में प्रदेश के किसानों को 1211 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिनमें गोहाना शुगर मिल के किसानों को 80 करोड़ रुपये और सोनीपत शुगर मिल के किसानों को 103 करोड़ रुपये का भुगतान शामिल है। पेराई सत्र के शुभारंभ समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत गांव बुसाना के किसान संजय (16625 क्विंटल गन्ना) को मिल गेट पर सबसे ज्यादा गन्ना लाने तथा गांव भैंसवाल कलां सेंटर पर सबसे ज्यादा गन्ना लाने वाले किसान दर्शन को सम्मानित किया।



गोहाना। बटन दबाकर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### पहले गन्ना लाने वाले सम्मानित

गन्ना यार्ड में बुग्गी तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली में सबसे पहले गन्ना लाने वाले किसानों को भी सहकारिता मंत्री डा अरविंद शर्मा ने सम्मानित किया। वर्ष 2025-2026 के तहत सहकारी चीनी मिल के गन्ना यार्ड में बुग्गी पर सबसे पहले गांव आहुलाना के किसान दल सिंह तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली में गांव छिछडाना के किसान कृष्ण गन्ना लेकर आये। इन दोनों किसानों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल प्रसंघ के प्रबंध निदेशक कैप्टन शक्ति सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, एसडीएम अंजलि क्षोत्रिय, शुगर मिल गोहाना की एमडी अंकिता वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, बलजीत मलिक, गोहाना मार्केट कमेटी के चेयरमैन कृष्ण सैनी, महिला जिला अध्यक्ष रीना शर्मा, रणदीप लठवाल, आहुलाना के सरपंच कुलदीप, ओमप्रकाश शर्मा, राकेश, करतार सिंह मलिक, बलवान व ओमबीर वत्स सहित अन्य गणमान्य किसान मौजूद रहे।

### देश में सबसे ज्यादा हरियाणा के किसानों को मिल रहा गन्ने का भाव : मंत्री



सोनीपत। सोनीपत चीनी मिल में पिराई सत्र का शुभारंभ करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गुरूवार को दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल के 50वें के पेराई सत्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पुराने गन्ना किसानों को दोबारा चीनी मिलों से जोड़ने के लिए किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि प्रदेश के चीनी मिलों में 36 लाख क्विंटल गन्ने की बढ़ोतरी हुई है। भारत में गन्ने का सबसे ज्यादा रेट उन्होंने कहा कि बीते पेराई सीजन में प्रदेश के किसानों को 1211 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिनमें सोनीपत शुगर मिल के किसानों को 103 करोड़ रुपये का भुगतान शामिल है।

#### सर्वाधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले किसान सम्मानित

पिराई सत्र के शुभारंभ समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गत सीजन 2024-25 के अंतर्गत मिल गेट पर सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले गांव किसान महेन्द्र सिंह तथा खरीद केन्द्र पर सबसे ज्यादा गन्ना लेकर आने वाले किसान यूनिस अली (9300 क्विंटल गन्ना) को सम्मानित किया। इस मौके पर सोनीपत चीनी मिल के प्रबंध निदेशक संजय कुमार, एसीपी अमित धनखड़, गन्नौर मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छोक्कर, सुनीता लोहचब, नीरज आत्रेय सहित सैकड़ों गणमान्य किसान मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



खरखौदा। शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक।

### खरखौदा में 176 व्यक्तियों की आंखें जांचीं

**खरखौदा।** लाला जय नारायण धर्मशाला में गुरुवार को ठाकुर जी की रसोई व युवा शक्ति क्लब के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन तथा न्यूरो थैरेपी का चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ, चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों मरीजों की जांच करके परामर्श दिया गया। संयोजक नीरज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में लगभग 176 मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 16 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए शेख सराय, दिल्ली स्थित वेणु आई हॉस्पिटल में मुफ्त ऑपरेशन करवाने की व्यवस्था करके भेजा गया है। मरीजों के लिए आना-जाना, रहने व भोजन की संपूर्ण सुविधा समिति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त शिविर में आंखों की सामान्य बीमारियों, मोतियाबिंद जांच, स्त्रियों से संबंधित रोग, हड्डी रोग, सामान्य रोगों की जांच करके निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में इंटर हाउस बास्केटबॉल चैंपियनशिप की विजेता पैंथर हाउस की टीम प्राचार्या गीता चोपड़ा व खेल इंचार्ज संजीत के साथ।

### पैंथर हाउस ने जीता बास्केटबॉल खिताब

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित इंटर हाउस बास्केटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में पैंथर हाउस की टीम ने कड़े मुकाबले में प्यूमा हाउस की टीम को 28-26 से शिकस्त देकर खिताब पर कब्जा जमाया। पैंथर हाउस के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल का प्रदर्शन करते यह खिताब हासिल किया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष , खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देकर उनकी हौसलाफजाई की।



सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

### राष्ट्रीय योगासन टैलेंट हंट में बीसवांमील स्कूल चमका

**सोनीपत।** देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय योगासन टैलेंट हंट में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसवांमील की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कुल पांच राउंड आयोजित किए गए, जिनमें बीसवांमील की लड़के और लड़कियों की टीमों ने अपने-अपने राउंड में शानदार जीत दर्ज की। फाइनल राउंड में लड़कों की टीम का सामना आचार्य कुलम हरिद्वार से हुआ, जहां कड़े मुकाबले के बाद लड़कों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं लड़कियों की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आचार्य कुलम को हराया और प्रथम स्थान अपने नाम किया। जीत के उपलक्ष्य में टीम को विशेष शील्ड, मेडल, प्रमाणपत्र, ट्रैकसूट और 25000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। टीम के कोच आचार्य प्रवीण कुमार, साहिल और शिवा को बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र खापरा ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया, जबकि महिला अध्यापकों ने 1100 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ, एसएमसी सदस्य, गांव बढ़मलिक के पंचायत प्रतिनिधि और सुमन, पुनम, दीपिका शर्मा, अनिल कुमारी, विकास शर्मा, रविंद्र मलिक, अरुण शर्मा, संदीप अहलावत, सुशील, प्रवीण कुमार और राजेश चड्ढा का विशेष सहयोग रहा।

## दिग्विजय ने दिया जजपा के 8वें स्थापना दिवस समारोह का न्योता

**गोहाना।** जजपा का 8वां स्थापना दिवस समारोह जिला जींद के जुलाना में 7 दिसंबर को आयोजित होगा। गुरुवार को जजपा के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने बरोदा हलका के 17 गांवों का दौरा करके लोगों को समारोह का न्योता दिया। उनके गांव धनाना में आयोजित समारोह में अनिल जाटायन ने जजपा का दामन थाम लिया। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने गांव धनाना, रिंढाणा, बनवासा, बरोदा, कथूरा, मिर्जापुर खेड़ी, छिछड़ाना, मदीना, आहुलाना, ठसका, माहरा, रभड़ा, रिवाड़ा, मोई हुड्डा, पूठी, भैंसवान और रूखी गांवों का दौरा करके ग्रामीणों को जजपा के स्थापना दिवस समारोह का न्योता दिया। इस अवसर पर एडवोकेट सुधीर धनखड़, जोनी लठवाल, शीलू खासा, किरण भाटिया, मंजीत, नवीन मोर, विशाल मलिक और विजय नरवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गोहाना। अनिल जाटायन को पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करते हुए दिग्विजय चौटाला।

## आरपीएस के आदिश ने साइंस ओलंपियाड में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आरपीएस स्कूल में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र आदिश जैन ने साइंस ओलंपियाड का पहला चरण एनएसईजेएस, दूसरा चरण आईएनजेएसओ, तीसरा चरण ओसीएससी, चौथा चरण पीडीटी को पार करते हुए भारत के सर्वश्रेष्ठ छह विद्यार्थियों की टीम में अपना स्थान बनाया। इसके बाद पांचवें व अंतिम चरण में आईजेएसओ इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए रूस में आयोजित इस प्रतियोगिता में आदिश जैन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। आदिश जैन की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। आरपीएस ग्रुप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। उन्होंने आदिश जैन के पिता डॉ. गौरव जैन व माता डॉ. रीतिका जैन को बधाई दी।

### नाम रोशन किया



छात्र आदिश जैन।

डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने बताया कि आईजेएसओ एक अंतर राष्ट्रीय मंच है, जहां छात्र विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि रूस में आयोजित आईजेएसओ प्रतियोगिता में 24 देशों के 12 से 15 आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भारत की ओर से आरपीएस विद्यालय का छात्र आदिश जैन भी शामिल था। प्रतियोगिता में आरपीएस के छात्र आदिश जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। पिछले वर्ष रोमानिया में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा भव्या गुणवाल ने भी गोल्ड मेडल प्राप्त करके देश का नाम रोशन किया था।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### ब्लॉक की शर्त हटाकर शीघ्र तबादले करे सरकार : संघ

**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सोनीपत के जिला प्रधान नरेंद्र चहल व सचिव दिनेश छिक्कारा ने जिला कार्यकारिणी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तबादला नीति को तर्कसंगत, न्यायसंगत तथा व्यावहारिक रूप दिया जाना चाहिए आईटी के इस दौर में संगठनों द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप सॉफ्टवेयर तैयार करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने तबादलों के संदर्भ में सुझाव दिए हैं। जिसके तहत पहला सुझा ब्लॉक में 15 वर्ष सेवा की शर्त हटाई जाए। यह शर्त न तो विद्यार्थियों और न ही शिक्षकों के हित में है। दूसरा सुझाव जिला सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा जारी चिकित्सीय प्रमाण पत्र भी मान्य किया जाने की रखी गई है। इस तरह से 13 सुझाव सरकार को दिए गए हैं। बैठक में जोगिंदर सिंह, सुरेंद्र पाल, राजेंद्र वैद्य, रामप्रसाद, रोहतास चहल, संदीप, ऋषिकेश, सुनील, अनिल कुमार आदि अध्यापकों ने हिस्सा लिया।

### महान समाज सुधारक थे संत शिरोमणि सेवालाल : दांगी

**गोहाना।** गुरवार को शहर से सटे गांव गढ़ी सराय संत शिरोमणि सेवालाल महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने संत शिरोमणि सेवालाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा संत सेवालाल महान समाज सुधारक थे। संत सेवालाल ने समाज को एकता, शिक्षा और स्वच्छता का महत्व समझाया और सादा जीवन उच्च विचार को बढ़ावा दिया। उन्होंने छुआछूत और असमानता को दूर करने पर बल दिया। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी मदन लाल बंजारा ने की। उन्होंने कहा संत सेवालाल ने लोगों को अंधविश्वास, मूर्ति पूजा और पशु बलि जैसी प्रथाओं को त्यागने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रोहतास अहलावत, मुकेश बंजारा, जोगीराम बंजारा, भारत बंजारा ,रवि बंजारा, विनोद बंजारा आदि मौजूद रहे।

## वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीते 9 स्वर्ण पदक

करनाल में 28, 29 व 30 दिसंबर को वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजनं

- भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य अरुण बड़ौक ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप : 2025 में गोहाना के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण पदक जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुरुवार को पदक विजेता खिलाड़ियों को भाजपा वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य अरुण बड़ौक ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को लक्ष्य के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। रॉ पॉवरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा करनाल में 28, 29 व 30 दिसंबर को वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप : 2025 आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में गोहाना में रोहतक रोड स्थित बजाज जिम के खिलाड़ी रितिक, चेतन, रोबिन, नीरज कुमार, सन्नी और ध्रुव शर्मा ने डैड पॉवरलिफ्टिंग, विजय आहूजा ने फल पॉवरलिफ्टिंग और अमित बजाज ने बैंच प्रेस पॉवरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त करके अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। गुरुवार को जिम में पदक विजेता खिलाड़ियों को भाजपा नेता अरुण बड़ौक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया।



गोहाना। पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण बड़ौक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |


+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

कार्यक्रम | नंबरदारों के शहादत दिवस समारोह में प्रदर्शनी और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# शामड़ी गांव के शहीद 11 नंबरदारों की शहादत को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में देश के लिए फांसी के फंदे पर झूले गांव शामड़ी के 11 नंबरदारों को लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद नंबरदारों का शहादत समारोह गांव शामड़ी में आयोजित हुआ जिसमें न केवल कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी अपितु अनेक प्रदर्शनियां भी लगाई गई और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। हरियाणा कला परिषद के कलाकारों द्वारा शहीद नंबरदारों की शहादत पर एक नाटक प्रस्तुत करके देशभक्ति का संदेश दिया। वालीबॉल प्रतियोगिता में गांव भालौठ की टीम प्रथम व द्वितीय स्थान पर बदरखा (उत्तर प्रदेश) की टीम ने प्राप्त किया। रहे। समारोह में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय आयुर्वेदिक संस्थान की टीम द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 105 से अधिक नागरिकों ने रक्तदान किया।



गोहाना। अतिथियों को सम्मानित करते हुए गांव के प्रबुद्धजन।

#### विभिन्न प्रदर्शनी लगाई

समारोह में जैविक भोग, जैविक सब्जियां, सुधीर फौजी चमराडा के खेत में बनी हुई आंवले से बनी हुई कई प्रकार की मिठाइयां व विभिन्न वनस्पतियों के देसी बीजों की प्रदर्शनी लगाई गई।

#### ये रहे मौजूद

समारोह में उत्तर क्षेत्र ग्रामीण विकास प्रमुख राकेश, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, डीसीपी भारती डबास, एसएमओ सुमित मलिक व आयुष विभाग से डॉ. विनोद सहित अन्य गणमान्यव्यक्ति उपस्थित रहे।

### 77 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**गोहाना।** गांव शामड़ी में 11 शहीद नंबरदारों के शहीदी दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में भगत फूल सिंह महिला विवि के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेदिक संस्थान द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 77 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। शिविर की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने की। शिविर में डॉ. एपी नायक के साथ डॉ. विजय कौशिक, डॉ. अनिल, डॉ. नवीन और संस्थान की स्नातकोत्तर छात्राओं ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. नायक ने बताया कि चिकित्सा शिविर में मरीजों में जुकाम, खांसी, जोड़ों का दर्द, पाचन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग और सामान्य कमजोरी जैसी समस्याएं पाई गई। भगत फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि शहीदी दिवस जैसे पावन अवसर पर स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से समाज की सेवा करना हमारे विश्वविद्यालय की सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करता है। महिला विवि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को लेकर हर समय सजग है। कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।